# पाठ 9

**अकारान्त पुंलिंग व नपु. लिंग और आकारान्त स्त्रीलिंग संज्ञाओं और सर्वनामों के सप्तमी और संबोधन के रूप तथा पूरी रूपावली.**

**9.1** सं. बालक, बालिका और वन संज्ञाओं के सप्तमी विभक्ति (अधिकरण कारक) के रूप नीचे दिए गए हैं:

| | एकवचन | द्विवचन | बहुवचन |
|---|---|---|---|
| पुंलिंग | **बालके** | **बालकयो:** | **बालकेषु** |
| स्त्रीलिंग | **बालिकायाम्** | **बालिकयो:** | **बालिकासु** |
| नपुंसकलिंग | **वने** | **वनयो:** | **वनेषु** |

सप्तमी विभक्ति का प्रयोग मुख्य रूप से नीचे दिए गए संदर्भों में होता है–

**क.** किसी वस्तु या स्थान अथवा किसी कार्य के समय को बताने के लिए, जैसे:–

**वयं वाटिकायां क्रीडाम:**– हम बाग में खेल रहे हैं।
**ते ग्रीष्मे स्वग्रामं गच्छन्ति**– वे गर्मियों में अपने गाँव जाते हैं।

**ख.** **स्नेह करना**, **इच्छा करना** आदि भावनाओं के कर्म को सूचित करने के लिए, जैसे- **स: कमलायां स्निह्यति**– वह कमला से प्यार करता है।

**9.2 संधि.** सप्तमी विभक्ति (अधिकरण कारक) के बहुवचन में बालकेषु और बालिकासु में अंतिम **षु** के **ष** और **स्** में अन्तर है। इसके लिए नियम है कि जब किसी शब्द में **स्** से पहले **अ** या **आ** से भिन्न कोई स्वर हो और **स्** के बाद भी कोई स्वर हो तो **स् ष्** में बदल जाता है।

**9.3 प.** नीचे दिए गए वाक्यों को बोलकर पढ़िए और हिन्दी में अनुवाद कीजिए:

**1. पुस्तके चित्राणि सन्ति। 2. विद्यालये छात्रा: पठन्ति। 3. घटे[1] शीतलं[2] जलम् अस्ति। 4. वाटिकायां बालका: क्रीडन्ति। 5. नगरेषु ग्रामेषु च जना: वसन्ति। 6. वने वृक्षा: रोहन्ति। 7. लतासु[3] पुष्पाणि विकसन्ति। 8. तेषां शरीरेषु बलम् अस्ति। 9. तस्य स्वभावे साहसम् अस्ति। 10. शरीरे आत्मा अस्ति। 11. ईश्वरे मम विश्वास: अस्ति।**

(**शब्दार्थ**:–1. घड़े में, 2. ठंडा, 3. बेलों पर)

**9.4 सं.** अब आप अकारान्त पुंलिंग और नपुंसकलिंग तथा आकारान्त स्त्रीलिंग संज्ञाओं के सातों विभक्तियों और तीनों वचनों में रूप चला सकते हैं। आइए, अब हम इनके सभी रूपों को एक बार फिर देखें:

**बालक**

| | एकवचन | द्विवचन | बहुवचन |
|---|---|---|---|
| प्रथमा | **बालकः** | **बालकौ** | **बालकाः** |
| द्वितीया | **बालकम्** | **बालकौ** | **बालकान्** |
| तृतीया | **बालकेन** | **बालकाभ्याम्** | **बालकैः** |
| चतुर्थी | **बालकाय** | **बालकाभ्याम्** | **बालकेभ्यः** |
| पंचमी | **बालकात्** | **बालकाभ्याम्** | **बालकेभ्यः** |
| षष्ठी | **बालकस्य** | **बालकयोः** | **बालकानाम्** |
| सप्तमी | **बालके** | **बालकयोः** | **बालकेषु** |

**बालिका**

| | | | |
|---|---|---|---|
| प्रथमा | **बालिका** | **बालिके** | **बालिकाः** |
| द्वितीया | **बालिकाम्** | **बालिके** | **बालिकाः** |
| तृतीया | **बालिकया** | **बालिकाभ्याम्** | **बालिकाभिः** |
| चतुर्थी | **बालिकायै** | **बालिकाभ्याम्** | **बालिकाभ्यः** |
| पंचमी | **बालिकायाः** | **बालिकाभ्याम्** | **बालिकाभ्यः** |
| षष्ठी | **बालिकायाः** | **बालिकयोः** | **बालिकानाम्** |
| सप्तमी | **बालिकायाम्** | **बालिकयोः** | **बालिकासु** |

**वन**

| | | | |
|---|---|---|---|
| प्रथमा | **वनम्** | **वने** | **वनानि** |
| द्वितीया | **वनम्** | **वने** | **वनानि** |

**वन** के शेष रूप **बालक** के समान चलेंगे, क्योंकि अकारांत नपुंसकलिंग संज्ञाओं के तृतीया विभक्ति से संबोधन तक के सभी रूप पुंलिंग संज्ञाओं की तरह बनते हैं। केवल प्रथमा और द्वितीया विभक्ति के रूप अलग होते हैं।

**टिप्पणी: 1.** आपने विभिन्न विभक्तियों और वचनों के कुछ रूपों की समानता पर ध्यान दिया होगा, जैसेः पुंलिंग में एक ओर **प्रथमा** और **द्वितीया** विभक्ति के **द्विवचन** के रूप एक जैसे हैं तो दूसरी ओर **तृतीया**, **चतुर्थी** और **पंचमी** विभक्तियों के **द्विवचन** के रूप समान हैं। **षष्ठी** और **सप्तमी** विभक्ति के **द्विवचन** के रूप भी समान हैं। साथ ही **चतुर्थी** और **पंचमी** विभक्तियों के **बहुवचन** के रूप एक जैसे हैं। इसी तरह स्त्रीलिंग में **पंचमी** और **षष्ठी** विभक्तियों के **एकवचन** के रूपों में समानता है तो **तृतीया** के **बहुवचन** की चतुर्थी और **पंचमी** विभक्तियों के **बहुवचन** के रूपों से कुछ समानता है। यदि आप इस प्रकार की समानताओं पर ध्यान देंगे तो आप इन रूपों को अधिक अच्छी तरह समझ सकेंगे और आपको इन्हें रटने की आवश्यकता नहीं रहेगी।

अब आप इन संज्ञाओं के रूपों को बार-बार दोहराइए ताकि आप उन्हें आसानी से पहचान सकें और यह बता सकें कि कोई रूप किस विभक्ति या वचन का है। उदारहणार्थ, यदि आप **बालकम्** शब्द पढ़ें, तो आपको पता लग जाए कि यह संज्ञा

द्वितीया विभक्ति के एकवचन की है और यह किसी क्रिया का कर्म हो सकती है। इसी तरह **गृहेषु** संज्ञा को पढ़ने पर आप समझ जाएँ कि यह शब्द सप्तमी विभक्ति के बहुवचन का है और यह किसी वस्तु या कार्य का स्थान बता रही है।

**टिप्पणी:** आप संज्ञाओं और धातुरूपों की सारणी को रटने में अपना समय और शक्ति न लगाएँ। लगातार अभ्यास से ये रूप आपको स्वयं स्मरण हो जाएँगे। आप संस्कृत के वाक्यों पर अधिक ध्यान दें। अभी तो इतना ही पर्याप्त है कि जब किसी संज्ञा, सर्वनाम या धातु के किसी विशिष्ट रूप को जानना चाहें तो संज्ञाओं और धातुओं की सारणियों को देखकर आप उन्हें जान सकें।

**9.5 सं. संबोधन कारक.** ऊपर हमने संज्ञाओं की सात विभक्तियों या सात कारकों का उल्लेख किया है। संस्कृत में किसी व्यक्ति या वस्तु को संबोधित करने के लिए **संबोधन कारक** का प्रयोग भी होता है। परन्तु इसका प्रयोग बहुत ही सीमित है। प्रथमा विभक्ति और संबोधन कारक के द्विवचन और बहुवचन के रूप समान होते हैं लेकिन एकवचन के रूप प्रायः अलग होते हैं। **बालक**, **बालिका** और **वन** के संबोधन कारक के रूप आगे दिए गए हैं:

| | एकवचन | द्विवचन | बहुवचन |
|---|---|---|---|
| पुंलिंग | **बालक** | **बालकौ** | **बालका:** |
| स्त्रीलिंग | **बालिके** | **बालिके** | **बालिका:** |
| नपुंसकलिंग | **वन** | **वने** | **वनानि** |

संबोधन कारक में प्रायः संबोधन सूचक **रे**, **हे**, **भो:** आदि शब्दों का प्रयोग संज्ञा से पहले किया जाता है, जैसे: **हे ईश्वर**, **भो: बालका:।**

**टिप्पणी:** हम विभक्तियों के लिए 1 से 8 तक और वचनों के लिए 1 से 3 तक संख्याओं का प्रयोग करके किसी भी संज्ञा या सर्वनाम की विभक्ति और वचन का संकेत कर सकते हैं। इसप्रकार **बालकेषु** पद **बालक** संज्ञा का 7-3 (सप्तमी विभक्ति- बहुवचन) का रूप होगा और **बालिकाभ्य:** पद **बालिका** का 4-3 या 5-3 (चतुर्थी और पंचमी विभक्ति के बहुवचन) का रूप होगा।

**9.6 अ.** ऊपर दी गई पद्धति का प्रयोग करके निम्नलिखित संज्ञारूपों के विभक्ति और वचन बताइए:

**मनुष्यान्**, **फलानाम्**, **छात्रस्य**, **विद्यालयेषु**, **भो: बालक**, **ग्रामात्**, **मालायाम्**, **आनन्देन**, **पुत्रेभ्य:**, **हस्ताभ्याम्**, **पत्राणि**, **बालिकयो:।**

**टिप्पणी:** कारक के लिए संस्कृत में विभक्ति शब्द का भी प्रयोग होता है। विभक्ति का शाब्दिक अर्थ है विभाजन (विभिन्न श्रेणियों में संज्ञा के रूपों को बाँटना)। वास्तव में विभक्ति और कारक में कुछ अंतर है जिसे हम आगे चलकर देखेंगे।

**9.7 सर्व.** उत्तम पुरुष और मध्यम पुरुष के सर्वनामों (**अस्मद्** और **युष्मद्**) के सप्तमी

विभक्ति के रूप आगे दिए गए हैं।

| | एकवचन | द्विवचन | बहुवचन |
|---|---|---|---|
| उत्तम पुरुष | **मयि** | **आवयोः** | **अस्मासु** |
| मध्यम पुरुष | **त्वयि** | **युवयोः** | **युष्मासु** |

अन्य पुरुष के सर्वनाम तद् के सप्तमी विभक्ति के पुंलिंग और स्त्रीलिंग के रूप आगे दिए गए हैं (नपुंसकलिंग के रूप पुंलिंग की तरह ही हैं।)

| | एकवचन | द्विवचन | बहुवचन |
|---|---|---|---|
| पुं./नपुं.लिंग | **तस्मिन्** | **तयोः** | **तेषु** |
| स्त्रीलिंग | **तस्याम्** | **तयोः** | **तासु** |

हमने पिछले पाठों में देखा था कि एतद्, सर्व, किम् और यद् के रूप भी तद् की तरह ही बनाए जाते हैं। नीचे इनके सप्तमी विभक्ति के रूप दिए गए हैं:

| | पुलिंग | | | स्त्रीलिंग | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **एतद्** | **एतस्मिन्** | **एतयोः** | **एतेषु** | **एतस्याम्** | **एतयोः** | **एतासु** |
| **सर्व** | **सर्वस्मिन्** | **सर्वयोः** | **सर्वेषु;** | **सर्वस्याम्** | **सर्वयोः** | **सर्वासु;** |
| **किम्** | **कस्मिन्** | **कयोः** | **केषु;** | **कस्याम्** | **कयोः** | **कासु;** |
| **यद्** | **यस्मिन्** | **ययोः** | **येषु;** | **यस्याम्** | **ययोः** | **यासु** |

**9.8 अ.** इन वाक्यों को बोलकर पढ़िए और उनका हिन्दी में अनुवाद कीजिए:

**1. मम मित्रां तस्मिन् गृहे वसति। 2. तेषु सर्वेषु पुस्तकेषु संस्कृतस्य रम्याः कथाः सन्ति। 3. तस्यां कक्षायां ते बालकाः गणितं पठन्ति। 4. यस्मिन् बुद्धिः अस्ति तस्मिन् बलम् अस्ति। 5. मयि कोऽपि न स्निह्यति। 6. त्वयि मम प्रीतिः। 7. वसन्ते सर्वासु लतासु पुष्पाणि विकसन्ति। 8. एते छात्राः कस्मिन् विद्यालये पठन्ति? 9. एते छात्राः तस्मिन् विद्यालये पठन्ति। 10. सर्वेषु छात्रोषु सः प्रथमः अस्ति।**

**9.9 सर्व. अस्मद्, युष्मद्** और तद् सर्वनामों के सभी रूप आगे दिए गए हैं। इन रूपों को अच्छी तरह पहचानने के लिए इन्हें बार-बार दुहराइए।

**अस्मद्**

| | एकवचन | द्विवचन | बहुवचन |
|---|---|---|---|
| प्रथमा | **अहम्** | **आवाम्** | **वयम्** |
| द्वितीया | **माम्**, (मा) | **आवाम्**, (नौ) | **अस्मान्**, (नः) |
| तृतीया | **मया** | **आवाभ्याम्** | **अस्माभिः** |
| चतुर्थी | **मह्यम्**, (मे) | **आवाभ्याम्**, (नौ) | **अस्मभ्यम्**, (नः) |
| पंचमी | **मत्** | **आवाभ्याम्** | **अस्मत्** |
| षष्ठी | **मम**, (मे) | **आवयोः**, (नौ) | **अस्माकम्**, (नः) |
| सप्तमी | **मयि** | **आवयोः** | **अस्मासु** |

| | | युष्मद् | |
|---|---|---|---|
| प्रथमा | **त्वम्** | **युवाम्** | **यूयम्** |
| द्वितीया | **त्वाम्**, (त्वा) | **युवाम्**, (वाम्) | **युष्मान्**, (वः) |
| तृतीया | **त्वया** | **युवाभ्याम्** | **युष्माभिः** |
| चतुर्थी | **तुभ्यम्**, (ते) | **युवाभ्याम्**, (वाम्) | **युष्मभ्यम्**, (वः) |
| पंचमी | **त्वत्** | **युवाभ्याम्** | **युष्मत्** |
| षष्ठी | **तव**, (ते) | **युवयोः**, (वाम्) | **युष्माकम्**, (वः) |
| सप्तमी | **त्वयि** | **युवयोः** | **युष्मासु** |
| | | **तद् (पुंलिंग)** | |
| प्रथमा | **सः** | **तौ** | **ते** |
| द्वितीया | **तम्** | **तौ** | **तान्** |
| तृतीया | **तेन** | **ताभ्याम्** | **तैः** |
| चतुर्थी | **तस्मै** | **ताभ्याम्** | **तेभ्यः** |
| पंचमी | **तस्मात्** | **ताभ्याम्** | **तेभ्यः** |
| षष्ठी | **तस्य** | **तयोः** | **तेषाम्** |
| सप्तमी | **तस्मिन्** | **तयोः** | **तेषु** |
| | | **तद् (स्त्रीलिंग)** | |
| | एकवचन | द्विवचन | बहुवचन |
| प्रथमा | **सा** | **ते** | **ताः** |
| द्वितीया | **ताम्** | **ते** | **ताः** |
| तृतीया | **तया** | **ताभ्याम्** | **ताभिः** |
| चतुर्थी | **तस्यै** | **ताभ्याम्** | **ताभ्यः** |
| पंचमी | **तस्याः** | **ताभ्याम्** | **ताभ्यः** |
| षष्ठी | **तस्याः** | **तयोः** | **तासाम्** |
| सप्तमी | **तस्याम्** | **तयोः** | **तासु** |
| | | **तद् (नपुंसकलिंग)** | |
| प्रथमा | **तत्** | **ते** | **तानि** |
| द्वितीया | **तत्** | **ते** | **तानि** |

नपुंसकलिंग के बाकी रूप पुंलिंग की तरह चलते हैं।

**9.10** सर्व. हम इससे पहले पढ़ चुके हैं कि **एतद्** के रूप **तद्** से पहले **ए** जोड़ कर बनाए जा सकते हैं। अंतर केवल इतना ही है कि **एतद्** के पुंलिंग और स्त्रीलिंग में प्रथमा विभक्ति के एकवचन के रूप क्रमशः **एषः** और **एषा** होते हैं। इसके अतिरिक्त द्वितीया और तृतीया विभक्तियों के एकवचन में क्रमशः **एनम्**, **एनेन** रूप बनते हैं।

**9.11** अ. निम्नलिखित वाक्यों को बोलकर पढ़िए और उनका हिन्दी में अनुवाद कीजिए:

**1. वयं सर्वे संस्कृतभाषाया: छात्रा: स्म:। 2. संस्कृतं अति मधुरा भाषा अस्ति। 3. सा अति प्राचीना भाषा। 4. तस्या: साहित्यम् अति समृध्दम्। 5. वयं प्रतिदिनं संस्कृतस्य पाठान् पठाम:। 6. अस्माकं पुस्तके संस्कृतस्य श्लोका: अपि सन्ति। 7. कक्षायाम् अस्माकम् अध्यापक: प्रथमं तान् श्लोकान् गायति। 8. पश्चात् वयं छात्रा: तेन सह तान् श्लोकान् गायाम:। 9. वयं तान् श्लोकान् स्मराम:। 10. संस्कृतस्य श्लोकानां गानम् अतीव मधुरम्। 11. तेषाम् अर्थोऽपि अति प्रेरक:।**

---

## अभ्यासों के उत्तर

**9.3** 1. पुस्तक में चित्रा हैं। 2. विद्यालय में विद्यार्थी पढ़ते हैं। 3. घड़े में ठंडा पानी है। 4. वाटिका में लड़के खेल रहे हैं। 5. लोग शहरों और गाँवों में रहते हैं। 6. जंगल में पेड़ उगते हैं। 7. बेलों पर फूल खिलते हैं। 8. उनके शरीरों में शक्ति है। 9. वह स्वभाव से साहसी है। 10. शरीर में आत्मा है। 11. मुझे ईश्वर में विश्वास है।

**9.6** (2-3), (6-3), (6-1), (7-3), (8-1), (5-1), (7-1), (3-1), (4-3, 5-3), (3-2, 4-2, 5-2) (1-3, 2-3), (6-2, 7-2).

**9.8** मेरा मित्रा उस घर में रहता है। 2. उन सब पुस्तकों में संस्कृत की सुन्दर कहानियाँ है। 3. उस कक्षा में वे लड़के गणित पढ़ रहे हैं। 4. जिसमें बुध्दि होती है उसमें बल होता है। 5. मुझे कोई भी प्यार नहीं करता। 6. मुझे तुमसे प्यार है। 7. बसन्त (के मौसम) में सभी लताओं पर फूल खिलते हैं। 8. ये विद्यार्थी किस विद्यालय में पढ़ते हैं। 9. ये विद्यार्थी उस विद्यालय में पढ़ते हैं। 10. वह सब छात्रों में प्रथम है।

**9.11** हम सब संस्कृत भाषा के विद्यार्थी हैं। 2. संस्कृत बहुत मधुर भाषा है। 3. वह बहुत प्राचीन भाषा है। 4. इसका साहित्य बहुत समृध्द है। 5. हम रोज़ संस्कृत के पाठ पढ़ते हैं। 6. हमारी पुस्तक में संस्कृत के श्लोक भी हैं। 7. कक्षा में हमारा अध्यापक पहले उन श्लोकों को गाता है। 8. उसके बाद हम विद्यार्थी उसके साथ उन श्लोंकों को गाते हैं। 9. हम उन श्लोकों को याद करते हैं। 10. संस्कृत के श्लोकों का गान बहुत मधुर होता है। 11. उन (श्लोकों) का अर्थ भी बहुत प्रेरणादायक है।

---